तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026

10 कलेक्टर की उपस्थिति में मना शाला प्रवेश उत्सव

11 पंचायतों में स्वच्छता चौपाल का आयोजन,...






## खबर संक्षेप

### श्रमिक पंजीयन कार्ड में आधार के अनुसार संशोधन कराना अनिवार्य

**बलौदाबाजार।** श्रम विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के पूर्व पंजीकृत श्रमिकों को अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड में आधार अनुरूप संशोधन कराया जाना अनिवार्य है। आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक हैं कि श्रमिक के पंजीयन अभिलेख में दर्ज मूल विवरण (नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाईल नंबर आदि) आधार अभिलेख में उपलब्ध विवरण के अनुरूप हो। ई-केवाईसी प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से श्रमिक पंजीयन विवरण के संशोधन एवं अद्यतन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हैं। जिले में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल में पंजीकृत लगभग 40579 श्रमिकों के आधार के अनुरूप श्रमिक पंजीयन कार्ड में संशोधन किया जाना हैं। आधार के अनुरूप डाटा बेस में संशोधन आवेदन करने हेतु सी.एस.सी. को अधिकृत किया गया है जिसमें श्रमिक स्वयं जाकर अपने आधार कार्ड के अनुरूप संशोधन आवेदन कर सकते हैं।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार



**सिमगा।** थाना सिमगा पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मर्राकोना रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाने वाले 1 आरोपी बिरेन्द्र निषाद 42 साल निवासी ग्राम मर्राकोना थाना सिमगा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3800 कीमत मूल्य का 38 पौवा देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी क्रमांक सीजी 22 वाई 3987 को जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की है।

# बलौदाबाजार में झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज :बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय में सोमवार शाम मौसम ने अचानक करवट लिया और झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी व उमस से राहत दिलाई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने के बाद शाम होते ही कई क्षेत्रों में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

बारिश के दौरान शहर के कई प्रमुख मार्गों और निचले इलाकों में पानी भर गया। सड़कों पर पानी बहने से कुछ समय के लिए यातायात की रफ्तार भी प्रभावित रहा। वहीं लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई में मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश की घोषणा की जा चुकी है। ऐसे में बलौदाबाजार जिले में हुई बारिश को मानसूनी गतिविधियों का असर माना जा रहा है। शेष पेज 11 पर

## गांवों की सड़कें हुई बदहाल, बारिश का पानी भरा



**भवानीपुर।** मानसून की पहली बारिश ने ही क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति की पोल खोल दी है। विकासखंड पलारी के अंतर्गत आने वाले रिवाड़ीह, बम्हनी, चरौदा और मोहान जैसे गांवों को जोड़ने वाले मार्ग जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। बारिश का पानी भर जाने से ये गड्ढे छोटे तालाब जैसे दिखाई देने लगे हैं, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की सड़कों की दुर्दशा का प्रमुख कारण रेत से भरी ओवरलोड वाहनों का लगातार आवागमन है। प्रतिदिन भारी वाहनों के दबाव के कारण सड़कें उखड़ चुकी हैं और बरसात के दिनों में कई स्थानों पर रास्ते लगभग बंद हो जाते हैं। इससे एक गांव शेष पेज 11 पर

## दहशत : रेस्क्यू के बाद तेंदुए की हालत नाजुक, गहन उपचार जारी

# ग्रामीण के घर में घुसा तेंदुआ वन अमले ने 8 घंटे में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/ गिधौरी



बलौदाबाजार जिले के सोनाखान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम महकम में सोमवार को एक नर तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया गया। तेंदुआ एक ग्रामीण के घर में घुस था और करीब 8 घंटे तक वहीं मौजूद रहा, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बना रहा। वन विभाग, वन्यजीव चिकित्सकों और रेस्क्यू टीम की संयुक्त कार्रवाई से तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम महकम निवासी सुनील साहू के घर में अचानक एक तेंदुआ घुस गया। घर में तेंदुए की मौजूदगी की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गयी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी तथा रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब 8 घंटे तक चले इस चुनौतीपूर्ण अभियान में बिलासपुर से पहुंचे वन्यजीव चिकित्सक डॉ. चंदन वर्मा ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला। विशेषज्ञों ने ट्रेंकुलाइजर गन की सहायता से तेंदुए को बेहोश किया, जिसके बाद अत्यंत सावधानी के साथ उसे घर से बाहर निकालकर सुरक्षित पिंजरे में रखा गया।

### चिकित्सकों की निगरानी में उपचार

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार रेस्क्यू के बाद तेंदुए की हालत नाजुक बताई जा रही है। चिकित्सकों की टीम उसकी लगातार निगरानी कर रही है। तेंदुए को आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने लोगों से वन्यजीवों के दिखने पर सतर्क रहने तथा किसी भी स्थिति में उनके करीब न जाने की अपील की है।

# पटेल जयंती पर थाना-चौकी क्षेत्रों में चलाया गया न्याय संहिता कैंपेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस 2026 के तहत जिला पुलिस की अनूठी पहल- न्याय संहिता कैंपेन के तहत छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में 22 जून को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के तहत जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में 'न्याय संहिता कैंपेन' का वृहद आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, महिलाओं और युवा पीढ़ी को नए कानूनों तथा सुरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरूक करना है।इस विशेष अभियान के तहत जिले की विभिन्न पुलिस टीमों ने सीधे जनता और विद्यार्थियों से संवाद किया। थाना हथंबद की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केसला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौकी करहीबाजार की टीम ने हाई स्कूल शेष पेज 11 पर

- अब थाने जाए बिना ऑनलाइन दर्ज होगी एफआईआर

### नवीन न्याय संहिता की विस्तृत धई जानकारी

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और बच्चों को बताया कि देश की नई कानून व्यवस्था (भारतीय न्याय संहिता) अब दंड देने के बजाय नागरिकों को न्याय देने की भावना पर आधारित है। इसके तहत अब कोई भी नागरिक थाने जाए बिना ऑनलाइन माध्यम से भी एफआईआर दर्ज करा सकता है। अपराध चाहे किसी भी क्षेत्र में हुआ हो, पीड़ित किसी भी नजदीकी थाने में जाकर एफआईआर दर्ज करा सकता है, जिसे बाद में संबंधित थाने ट्रांसफर कर दिया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है और पीड़िता के बयान को वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए सुरक्षित करने की व्यवस्था की गई है।

# महिला शिक्षिका ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एक मकान में सोमवार को एक महिला शिक्षिका का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान कुमारी काजल ठाकुर 26 वर्ष के रूप में हुई है। वह बलौदाबाजार के चांपा स्थित स्कूल में व्यवसायिक शिक्षिका के रूप में पदस्थ थीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने कमरे में पंखे से चुनरी का फंदा बनाकर आत्महत्या

- कमरे में फंदे पर लटका मिला शव



कर ली।

जानकारी के अनुसार काजल ठाकुर पिछले वर्ष ही संविदा शिक्षिका के रूप में स्कूल में नियुक्त हुई थीं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कमरे का निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शेष पेज 11 पर

## धोखाधड़ी से बचने आरटीओ चालान भुगतान की वेबसाईट का उपयोग करें वाहन चालक

**बलौदाबाजार।** प्रदेश में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें विभागीय वेबसाईट का क्लोन पेज बनाकर ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में छदम तरीके से डराने वाले संदेश के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते हैं। ऐसे धोखाधड़ी से बचने विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग जरुरी है।

परिवहन विभाग द्वारा ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक पर क्लिक न कर अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए या आरटीओ चालान के भुगतान के लिए वेबसाईट का ही उपयोग किये जाने की अपील की गई है।

# जिला जेल के निरीक्षण में निरूद्ध बालकों के आयु सत्यापन पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुक्रम में आयु सबंधित दस्तावेज के अभाव में 18 वर्ष से कम आयु के बालकों के निरूद्ध रहने की संभावना एवं प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक त्रैमास में जेलों का निरीक्षण विषेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2026-27 के पथम त्रैमास हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के



मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में सोमवार को जिला जेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया।

विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जेल में निरूद्ध 430 बंदियों में से प्रथम दृष्टया में 18 वर्ष से कम आयु के लग रहे बालकों से बैरकों में जाकर बातचीत की गई, जिसमें से एक निरूद्ध ने अपनी जन्मतिथि 09.10.2008 एवं जेल में दो माह से निरूद्ध होने की जानकारी प्रदान की। समिति ने संबंधित मामलों में जन्मतिथि का सत्यापन कर बालक के प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित किए जाने हेतु आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शेष पेज 11 पर

## वर्षों बाद रावणभाठा मैदान में बास्केटबॉल प्रतियोगिता

# भाटापारा में खेल संस्कृति की वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर के रावणभाठा मैदान में रविवार देर शाम बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। नगर के युवाओं की टीमों ने हिस्सा लिया। वर्षों बाद हुए इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह था।

समारोह में शिवरतन शर्मा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन जिस लगन से नगर के सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग करने वाले हर एक खेलप्रेमी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नगर के युवाओं को नशे और मोबाइल की दुनिया से निकालकर मैदान से जोड़ने का यह प्रयास अनुकरणीय है।इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील शेष पेज

- समापन पर शिवरतन शर्मा ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

### बास्केटबॉल सिखाता है जीवन का पाठ

शिवरतन शर्मा ने कहा वर्षों बाद रावणभाठा मैदान पर बास्केटबॉल का यह आयोजन होना अपने आप में ऐतिहासिक है। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट का समापन नहीं, बल्कि भाटापारा में खेल संस्कृति की वापसी है। बास्केटबॉल केवल खेल नहीं है, यह जीवन का पाठ पढ़ाता है। एक सेकंड में सही निर्णय लेना, गिरकर फिर से उठना और मैं को भूलकर हम बनकर टीम के लिए खेलना - यही सीख हमें आगे ले जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान का सपना ऐसे ही आयोजनों से पूरा होता है, जहां गली-मोहल्ले के युवा मैदान में पसीना बहाकर देश का नाम रोशन करने का हौसला रखते हैं।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

खबर संक्षेप

## समाज से बहिष्कृत जोड़े को धोबी समाज ने अपनाया

**रायपुर।** अंतर्जातीय विवाह करने वाले समाज से बहिष्कृत जोड़े को धोबी समाज ने गले लगाकर समाज में शामिल किया। लगभग 12 वर्ष पूर्व उरला निवासी प्रवीण रजक ने सुकरीता पटेल मरार जाति की कन्या से प्रेम विवाह किया था। इन जोड़ों की तीन कन्या रत्न हैं, समाज में अंतर्जातीय विवाह को सबसे बड़ा अपराध माना जाता है और ऐसा विवाह करने वालों को प्रदेश समाज ही न्याय देता है। प्रवीण के परिजनों ने धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के समक्ष अपील की, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने दुर्ग जिलाध्यक्ष रामबाई निर्मलकर के नेतृत्व में जांच समिति गठित की, जिनसे बिंदुवार जानकारी मांगी गई। सभी ने उक्त जोड़े को हर बिंदुओं पर सही पाया और अनापत्ति पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मदन निर्मलकर दुर्ग, गीताबाई निर्मलकर, अंबे वाघमार, परदेशनीन निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, जानकी निर्मलकर आदि समाज की ईष्ट देवी नातिन-धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में शामिल हुए।

## 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र शुरू

**रायपुर।** शहर में तेज गर्मी को देखते हुएसाधक परिवार द्वारा राजधानी के 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। राहगीरों और बस यात्रा करने वाले यात्रियों सहित आम जनता के लिए निःशुल्क पेयजल की सुविधा इन केंद्रों में उपलब्ध कराई जा रही है। शीतल जल सेवा केंद्र विधानसभा जीरो पाइंट ओवर ब्रिज के पास, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के पास, अमलेश्वर थाना के सामने , तेलीबांधा मार्ग मरीन ड्राइव और वीआईपी चौक तेलीबांधा में साधक परिवार के सेवादार लोगों की प्यास बुझाने सेवा दे रहे हैं।

## रांची में कुशाद ने जीता सिल्वर मेडल

**रायपुर।** रांची, झारखंड में आयोजित 12वीं रैंकिंग ओपन राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुशाद गणोरकर ने अंडर-10 से 12 ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता, वहीं 14 आयु ग्रुप में सिद्धांत कटरे ने चौथा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 17 जून से 21 जून तक हुई। रविवार को रायपुर पहुंचने पर माता-पिता गुरुजन दोस्तों ने फूलमालाओं से स्वागत कर बधाई दी। कुशाद के पिता पुलिस विभाग में कार्यरत हैं और वे भी वॉलीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं।

## नवनिर्मित खाद गोदाम और महतारी सदन का लोकार्पण

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के सिमगा विकासखंड सिमगा के ग्राम कामता में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के बेमिसाल कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने इस दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

**शिक्षा : बच्चों को बांटी गई किताबें और चॉकलेट**

# कलेक्टर की उपस्थिति में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



ग्राम पंचायत खिचरी स्थित समग्र शिक्षा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव एवं बीज उत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू शामिल हुईं। कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिला समूहों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे तैयार किए गए। आकर्षक सीड बॉल (मिट्टी के बीज गोले) से शाला प्रवेश उत्सव की सजावट की गई, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय की शिक्षिकाएं सुनीता यादव और सरिता सिदार छत्तीसगढ़ी ग्रामीण वेशभूषा में नजर आईं। कलेक्टर ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया और बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी ग्रहण किया।

इस अवसर पर आयोजित बीज उत्सव में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा मिट्टी के गोलों में विभिन्न प्रकार के बीज डालकर सीड बॉल तैयार किए गए। इन सीड बॉल्स को वर्षा ऋतु में गोमर्डा अभयारण्य एवं जिले के बंजर क्षेत्रों में फैलाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा मिलेगा।

जिले में 1 लाख सीड बॉल निर्माण महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बरमकेला ब्लॉक में महिला समूहों द्वारा अब तक 45 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने स्वयं सीड बॉल बनाकर अभियान में सहभागिता निभाकर जिले के सभी नागरिकों को सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अभिलाषा नायक, सहोदरा सिदार, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, बिहान की महिला सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत

**कसडोल।** विकासखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद गुरु घासीदास उच्च माध्य विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा पहली व कक्षा दूसरी से लेकर आठवीं तक रिक्त सीटों पर लाटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्व में पूरी कर ली गई थी, उन सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर व पाठ्य पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।
कार्यक्रम में अतिथि नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, डॉ. सुदीप मानिकपुरी उपाध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल व गणेश साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति की उपस्थिति रही। नपं अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि इस विद्यालय का पहचान पूरे क्षेत्र में गौरव प्राप्त विद्यालय के रूप में है। यहां भारतीय संस्कृति का अनवरत शिक्षा दी जाती है, जो कि मैं आज स्वयं विद्यालय में देखा और अनुभव किया। यहां की पढ़ाई की स्तर बहुत ही अच्छा है यहां के विद्यार्थी और शिक्षक बहुत अनुशासन प्रिय है। इसी का परिणाम है जो यहां के बच्चे सर्वोच्च स्थान प्राप्त करके प्रदेश में विद्यालय का नाम रोशन करते आ रहे हैं।



नपं उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि यहां के बच्चे आगे चलकर बड़े-बड़े पदों पर पहुंचेंगे। इस विद्यालय पर मुझे गर्व है क्योकि मैं स्वयं इस विद्यालय का छात्र रहा हूँ। शिक्षा ही वह अमूल्य धन है जिसे कोई भी शक्ति हमसे छीन नहीं सकती। आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। मुझे यह भी विश्वास है कि यह बच्चे भारतीय संस्कृति के सदैव सम्मान करेंगे तथा अपने बड़ों का आदर कर शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे।
शाला विकास समिति अध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के लिए गौरव है, यहां के छात्र प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करते है। यहां की शिक्षा और संस्कार पर हम गर्व करते हैं। मैं लोगों को इस विद्यालय के प्रति समर्पित भाव से सहयोग करने के लिए भी आग्रह करता हूं। उक्त कार्यक्रम में वी आर मंडलेश्वर प्राचार्य, शनि यादव अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, अभिजीत श्रीवास सदस्य शाला विकास समिति, संतोष वर्मा पूर्व प्राचार्य सहित विद्यालय के शिक्षकगण, पालकगण, नगरवासी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त जारी, जिले में मना उत्सव दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फरवरी 2019 में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के पात्र भूमिधारक किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है।

- जिले के 1.22 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 24.56 करोड़

इस योजना के अंतर्गत आधार से लिंक एवं सक्रिय बैंक खातों वाले पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाती है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर ने कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार के सभागार में किसान मित्रों और किसानों को बताया कि जिले में अब तक योजना की 22 किस्तों के माध्यम से किसानों को 17.70 करोड़ रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23 वीं किस्त की राशि आज 20 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों जारी कर दी गई है। इस अवसर पर जिले के 122827 पात्र किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से लगभग 24 करोड़ 56 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। भारत सरकार द्वारा 20 जून 2026 को "पीएम किसान उत्सव दिवस" के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रसारित हुआ।

### पश्चिम बंगाल के हुगली से हुआ सीधा प्रसारण वर्चुअली जुड़े ग्रामीण

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर वेबकास्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया ,ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन एवं किसान इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोकनाथ दीवान (वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बलौदा बाजार), मिथलेश लहरे (सहायक तकनीकी प्रबंधक बलौदाबाजार, किसान मित्र धर्मेन्द्र कन्नौजे, दया राम पटेल, दुलार यादव, अमरनाथ साहू, संतोष कुमार लहरे, कन्हैया, राजकुमार, दोगेंद्र कुमार साहू, प्यारे लाल साहू, दिलीप कुमार जांगड़े, सुरेन्द्र कुमार बघेल, मनोज कुमार, ललित कुमार, राकेश कुमार विश्वकर्मा, दिलेश वर्मा आदि सहित किसान लोग मौजूद होकर प्रधानमंत्री द्वारा डी बी टी के माध्यम से जारी राशि अंतरण के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# गिरौदपुरी में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे डॉ. सनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड अंतर्गत स्थित गिरौदपुरी धाम में डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ़ एवं सदस्य गिरौदपुरी मेला समिति ने मुख्य मंदिर में पूजन कर क्षेत्रवासियों के सुख शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही गिरौदपुरी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

ज्ञात हो कि 2026 के विधानसभा बजट सत्र में सतनामी समाज के विभिन्न धार्मिक स्थल, गुरूद्वारा एवं अन्य उपयोजना हेतु लगभग 573.04 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था, जिसमें से अनुमानित लागत राशि 3 करोड़ रुपये के लागत से बन रहे सेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

विदित हो कि मेला के समय दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुगण जिनका मन्नत पूर्ण होने पर दंडवत प्रणाम करते हुए सड़क से मुख्य मंदिर तक जाते हैं, उनके लिये यह सेड निर्माण मिल का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर सतनामी समाज से दुर्गा महेश्वर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, राम कुमार मिरी सदस्य मेला समिति, नरोत्तम बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति बलौदाबाजार, डॉ. मोहन बांधे, हितेश रात्रे, चरण दास तेहरवंश, गोविंद घृतलहरे, कुंजराम कोसले जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रगतिशील छ.ग. सतनामी, लता सोनवानी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रगतिशील छ.ग. सतनामी समाज, अजय कुमार सांडे कार्यकरणी सदस्य प्रगतिशील छ.ग. सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ, सुनीता कोसले ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रगतिशील छ. ग. सतनामी समाज, राजेन्द्र निराला, लक्ष्मीकांत टंडन, जयसन कोसले, सतीस रात्रे, मिथलेश बर्मन, प्रदीप कुर्रे, कमलेश कुर्रे, रमेश बंजारे, महेन्द्र सिंह बारले सहित गिरौदपुरी धाम के नागरिकगण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# आद्रा के प्रथम दिन झमाझम बारिश, किसानों के चेहरा खिले



**गोपालपुर ।** गांव एवं अंचल में अद्रा के पहले दिन पहले दिन हवा के साथ झमाझम बारिश हुई और किसानों के चेहरे खिले हुए नजर आए, कुछ किसानों धान बोनी के कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। और जो किसानों धान बोनी के कार्य कर चुके हैं। उनके खेत के धान अंकुर आ जाएगा, इतना बारिश हुआ है। मानो खेतों मे पानी भर गया था। हालांकि कुछ घंटों के जमीन सोसीत कर लिया। और आवागमन बाधित हो गया। था। ठीक बारह बजे बारिश होना शुरू हुआ जिसके चलते घंटों तक स्कूल में बच्चे रुके रहे। और सभी बच्चों के साईकिल पुरा गीर गए थे और तेज हवा के कारण सड़क पर आ गए। और वैसी घर आते आते बच्चे पानी में गिला हो गए थे।

# कांग्रेस ने बिजली दर वृद्धि की निंदा की और किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिजली दरों में एक बार फिर वृद्धि जनता, किसानों और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ डालने जैसा है। भाजपा सरकार लगातार बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रही है। उक्त बातें वर्तमान पार्षद एवं नगर पंचायत भटगांव के पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवेश दुबे ने कही।



उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में पांचवीं बार बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है। इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 30 से 50 पैसे तथा गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पैसे तक की वृद्धि की गई है। वहीं किसानों को भी राहत नहीं दी गई और कृषि पंपों की बिजली दरों में 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर दी गई है। हाल ही में सरकार ने 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीए) लागू कर पहले ही उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डाल दिया था। इसके बावजूद बिजली दरों में लगातार इजाफा किया जा रहा है। जबकि कांग्रेस शासनकाल में पांच वर्षों के दौरान बिजली दरों में केवल 2 पैसे की वृद्धि हुई थी और तब 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना से जनता को बड़ी राहत मिलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेशभर में बिजली उपभोक्ताओं को पिछले कुछ महीनों से तीन से चार गुना तक अधिक बिल प्राप्त हो रहे हैं। जून माह में 45 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बिजली बिल सामान्य से कई गुना अधिक आए हैं, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

बिजली विभाग उपभोक्ताओं की सहमति के बिना उनके कनेक्शन का अनुबंध भार (लोड) बढ़ा रहा है। साथ ही स्मार्ट मीटरों के माध्यम से वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दर्ज होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने मांग की है कि बिजली दरों में की गई वृद्धि तत्काल वापस ली जाए, बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कराई जाए तथा आम जनता और किसानों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**मनवा कुर्मी समाज की क्षेत्रीय बैठक में सामाजिक एकता और शिक्षा पर जोर**

# युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ सामाजिक संस्कृति का अनुसरण करना चाहिए : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी





छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रिय समाज पलारी राज का क्षेत्रिय प्रकरण बैठक विगत दिनों संडी मुड़पार में राजप्रधान रामखिलावन वर्मा की अध्यक्षता सरंक्षक, राज पदाधिकारि, कार्यकारिणी,ग्राम प्रमुख, स्वजातीय गणों के सहभागिता से प्राप्त आवेदनों की सुनवाई के साथ हुआ। राजप्रधान राम खिलावन वर्मा ने बैठक में कहा हमारे बच्चों को हमें आधुनिक शिक्षा के साथ साथ हमारे समाज के गौरव शाली सामाजिक संस्कृति, भाषा समाज के महापुरुषों की प्रेरणादायी जीवन परिचय की जानकारी देना चाहिए, जिससे युवाओं को आधुनिकता के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक ज्ञान मिल सके।

संरक्षक तेज राम वर्मा ने समाज में परिवारिक विघटन, मनमुटाव और विवाद का प्रमुख कारण नशा पान है। आज हर सुख दुःख के आयोजनों में नशा पान के कारण विवाद होते रहते हैं। सामाजिक एकता के लिए हमें समाज के हर वर्ग के सार्थक विचारों का सम्मान करना चाहिए। हमारे समाज के सामाजिक सुधारों का अन्य समाज अनुसरण करते हैं।

सरंक्षक रघुनंदन वर्मा ने कहा हमारे समाज का लिखित विधान एवं आचार संहिता है जिससे समाज का संचालन होता है। पाटेश्वर धाम बालोद में महात्यागी संत रामबालक दास द्वारा विश्व में प्रथम मां कौशिल्या मंदिर का निर्माण जनसहयोग से कर रहे हैं, जिसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। संत रामबालक दास और उनके गुरु दोनों हमारे मनवा कुर्मी समाज के सुपुत्र है।

बैठक में बुध राम वर्मा केंद्रीय सदस्य, उप राजप्रधान डा डाकेश्वर वर्मा, भुवन वर्मा, कार्तिक राम वर्मा राजमंत्री, ओमप्रकाश वर्मा सचिव, मंत राम वर्मा कोषाध्यक्ष, हुलास वर्मा संस्कृतिक प्रभारी, रामनारायण वर्मा छात्रवृत्ति प्रभारी, राजेश वर्मा संगठन मंत्री, पवन वर्मा कार्यालय प्रभारी, भानु वर्मा विवाह प्रभारी, ववेदप्रकाश वर्मा युवा प्रमुख, संतोष वर्मा, शशीकांत वर्मा, तरुण वर्मा, रमेश वर्मा, घनश्याम, प्रेम लाल, आशाराम, दाऊ राम, पुनीत, नेमसिहं आदि की उपस्थिति रही।

# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान में बलौदाबाजार जिला शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसी उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रदेश के 23 जिलों में शुरू होने वाले इस अभियान में जिला बलौदाबाजार -भाटापारा भो शामिल है।इस अभियान के तहत जिले के सभी गांव में 31 प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण का व्यापक कार्यक्रम होगा, जिसके माध्यम से योजनाओं की पहुंच, प्रभावशीलता और पारदर्शिता को नई मजबूती मिलेगी। सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जाएगा।

'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान का मूल उद्देश्य विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक साझा मंच पर लाकर पात्र हितग्राहियों तक उनका शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान विभिन्न विभागों के बीच अभिसरण स्थापित करते हुए एक ऐसी व्यवस्था विकसित करेगा, जिसमें योजनाओं की जानकारी, पात्रता, प्रगति और संतृप्तिकरण की स्थिति एकीकृत रूप से उपलब्ध होगी।

- जिले के सभी ग्रामों में 31 व्यक्ति मूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को किया जाएगा

31 जनकल्याणकारी योजनाओं का होगा संतृप्तिकरण- अभियान के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा, आवास, रोजगार, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कृषि, कौशल विकास तथा बुनियादी नागरिक सेवाओं से जुड़ी 31 प्रमुख योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन, राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, मिशन इंद्रधनुष, महतारी वंदना योजना, जन-धन योजना, कौशल विकास योजनाएं, श्रम कार्ड, वनाधिकार पट्टा, आधार कार्ड तथा विभिन्न प्रमाण-पत्र सेवाएं शामिल हैं।इन योजनाओं का उद्देश्य परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और जीवन स्तर में सुधार के अवसर उपलब्ध कराना है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक संघ ने की नवपदस्थ डीईओ से मुलाकात

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला इकाई रायपुर के पदाधिकारियों ने भोजराम मनहरे प्रदेश मीडिया प्रभारी के नेतृत्व में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एस. सतीश नायर से मुलाकात की। नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष व्यायाम शिक्षकों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसमें विद्यालयों में व्यायाम शिक्षकों को अध्यापन कार्य नहीं करवाने ऑनलाइन अटेंडेंस वी एस के पर विस्तृत चर्चा एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा उपरांत सार्थक पहल का आश्वासन दिए। इस अवसर पर भोजराम मनहरे प्रदेश मीडिया प्रभारी, सहायक क्रीड़ा अधिकारी जिला छाया प्रकाश राव एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय रत्नाकर, कोषाध्यक्ष वरुण पाण्डेय, राकेश प्रधान, लालबहादुर सोनकर, ओंकारेश्वर सोनवानी, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक प्रकाश कश्यप धरसीवां, पुरुषोत्तम प्रधान, पुष्पेंद्र बरमाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वरूण यादव ग्राम पतेरापाली ने बताया कि 21 जून की रात लगभग 10 करण पटेल उसके घर के सामने गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इस पर आरोपी ने तू मना करने वाला कौन होता है कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मे पहने लोहे के कड़े को निकालकर मेरे सिर मे मारा।

## पंचायतों में स्वच्छता चौपाल का आयोजन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता चौपाल का आयोजन जिले में सोमवार से शुरू हुआ। प्रत्येक जनपद पंचायत में प्रतिदिन 5 ग्राम पंचायत में स्वच्छता चौपाल का कार्यक्रम किया जाएगा।स्वच्छता चौपाल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर विशेष चर्चा ग्रामीणों से किया जा रहा है। इसमें चार प्रकार के कचरे को घर स्तर पर ही अलग-अलग करना, सेग्रीगेशन शेड में ले जाकर अलग हुए कचरे को अलग अलग ही पैक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक पहुंचाना, रिसाइकलर या कबाड़ी वाले को बेचना किसी भी प्रकार के पॉलिथीन को जलने पर मना करना, लोगों को समझाइश देना शामिल है। इसके साथ ही यूजर चार्ज लिए जाने पर भी चर्चा किया जा रहा है। गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये कचरे का ढेर कम से कम हो,ठोस कचरे का प्रबंधन और महत्व हमारे जीवन में यह क्या महत्व पर विस्तृत रूप से स्वच्छता चौपाल में चर्चा किया जा रहा है।





### जिले से 21 श्रद्धालुओं का दल इस यात्रा में शामिल हुआ

# सोमनाथ सांस्कृतिक यात्रा ट्रेन को सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा**

छत्तीसगढ़ शासन की ओर से आयोजित सोमनाथ सांस्कृतिक तीर्थ यात्रा के तहत सोमवार को रायपुर से श्रद्धालुओं का जत्था गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर दर्शन के लिए रवाना हुआ। उक्त जत्था को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को शुभारंभ किया और सभी यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय प्रवास की शुभकामनाएं दीं। यह निःशुल्क तीर्थ यात्रा 22 से 26 जून तक संचालित होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ महादेव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। शासन की इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी तीर्थ दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है। बलौदाबाजार जिले से नोडल अधिकारी इंद्रकुमार वर्मा के नेतृत्व में जिले के 21 श्रद्धालुओं का दल इस यात्रा में शामिल हुआ। दल में सिमगा से परस पटकर, कचलोन से मनीराम साहू साकलोर से सुमन वर्मा, सुमन यादव, कसडोल से चंद्रिका पटेल, तीजराम विश्वकर्मा, सिमगा से सतीश (सीटू) जैन ओंकार साहू सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। रवाना होने से पहले यात्रियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बताया कि शासन की इस योजना के माध्यम से उन्हें बिना किसी आर्थिक बोझ के देश के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल सोमनाथ धाम के दर्शन का अवसर मिल रहा है।उन्होंने मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभूति होगी। चार दिवसीय यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भी अवलोकन करेंगे। 26 जून को यात्रा पूर्ण कर सभी श्रद्धालु सकुशल छत्तीसगढ़ लौटेंगे। शासन द्वारा यात्रा के लिए आवागमन, भोजन, ठहरने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है ।




## परिजनों की स्मृति में मुक्तिधाम को संवार रहे ग्रामीण




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी**

- 10 कुर्सियां और पौधारोपण से बनी नई मिसाल

ग्राम पंचायत वटगन के युवाओं एवं ग्रामीणों ने एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है। अब गांव में जिस परिवार में किसी सदस्य का निधन होता है, उसके परिजन दिवंगत की स्मृति में मुक्तिधाम में सीमेंट कुर्सियां एवं पौधे भेंट कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य एक ओर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है तो दूसरी ओर मुक्तिधाम आने वाले लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले मुक्तिधाम में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेषकर गर्मी के दिनों में यह समस्या और बढ़ जाती थी। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने दिवंगत परिजनों की याद में कुर्सियां दान करने और पौधारोपण करने का निर्णय लिया।

इसी कड़ी में स्वर्गीय उमा बाई की स्मृति में उनके पुत्र मनोज वर्मा के सहयोग से मुक्तिधाम में अंतिम दर्शन स्थल का निर्माण कराया गया तथा कुर्सियां भी उपलब्ध कराई गईं। अब तक मुक्तिधाम में 10 कुर्सियां लगाई जा चुकी हैं, जिससे अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को काफी सुविधा मिल रही है।

ग्रामीणों द्वारा नियमित रूप से मुक्तिधाम की साफ-सफाई भी की जा रही है। गांव की यह अनूठी पहल सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और दिवंगतों के सम्मान का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आई है।

## प्रधान पाठक ने छात्रों को बांटे टी-शर्ट और लोअर

खरोरा। प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा की नवीन सोच जिसमें शनिवार को निजी विद्यालय जैसे गणवेश के लिए सराहनीय पहल करते हुए उन्हें निःशुल्क टी-शर्ट और लोअर वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। दिनेश कुमार वर्मा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामीणों ने इस नेक कार्य की प्रशंसा की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस पहल से बच्चों को आवश्यक वस्त्र उपलब्ध हुए तथा उनमें आत्मविश्वास और खुशी का संचार हुआ।



## पेज 9 के शेष

### बलौदाबाजार में झमाझम...

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान भी जिले में वर्षा की संभावना जताई है। बारिश के बाद लोगों ने गर्मी और उमस से राहत की सांस ली तथा शाम के समय मौसम पूरी तरह खुशनुमा हो गया।

### गांवों की सड़कें ...

का संपर्क दूसरे गांव से कटने लगता है। खराब सड़कों का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चों को कीचड़ और पानी से भरे गड्ढों के बीच होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। वहीं मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर इलाज नहीं मिल पाने का खतरा भी बना रहता है।

रास्तों की खराब स्थिति के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शासन-प्रशासन के समक्ष सड़क मरम्मत और नई सड़क निर्माण की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने और ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### पटेल जयंती पर ...

करहीबाजार में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। थाना गिधौरी की टीम द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, टुण्डरा में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके साथ ही थाना कसडोल की टीम ने ग्राम कोट में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संपर्क साधा। नए कानून के तहत जांच, चार्जशीट दाखिल करने और अदालत द्वारा फैसला सुनाने के लिए सख्त समय-सीमा तय की गई है, जिससे पीड़ितों को सालों-साल चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। वर्तमान समय की बढ़ती डिजिटल चुनौतियों को देखते हुए उपस्थित जनसमूह को साइबर अपराधों से बचने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। साथ ही, समाज को खोखला कर रही नशे की लत के खिलाफ आवाज उठाते हुए पुलिस टीम ने सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया और महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग किया। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की इस मुहिम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, ग्रामीणों और बच्चों का भरपूर सहयोग मिला तथा इस ज्ञानवर्धक पहल की सभी के द्वारा सराहना की गई।

### महिला शिक्षिका ने ...

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना से शिक्षा जगत और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### जिला जेल के ...

करने का आश्वासन दिया। साथ ही बच्चों के संरक्षण एवं उनके हितों की रक्षा के लिए आगे की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा ने जिला जेल बलौदाबाजार में बंदियों के लिए प्रारंभ किए गए नवाचार की जानकारी प्रदान की। निरीक्षण दल में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य प्रवीण अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास महंत एवं विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा शामिल रहे।

### भाटापारा में खेल ...

यदु, डॉ. विकास आडिल, संदीप गोयल, विवेकानंद निर्मलकर, रविंद्र शर्मा, पार्षद श्रेणीक गोलछा, पार्षद नंदकिशोर वैष्णव, परिचय मिश्रा, आशीष पुरोहित, राजकुमार मल, रवि गुप्ता, संजय शाह, दीपक मल, अभिषेक फिलिप, निर्मल जांगड़े, आनंद वर्मा, शरद पंसारी, शहर के वरिष्ठ खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक एवं खेलप्रेमी जनता उपस्थित थे।

!! ॐ शांति !!
शोक - संदेश



स्व. राजकुमार सेन
(जन्म 28-02-1962 • स्वर्गवास 14-06-2026)
अत्यंत दुःखद समाचार विदित हो कि मेरे पूज्य पति श्री राजकुमार सेन जी का रविवार, 14 जून 2026 को आकस्मिक निधन हो गया है। पुण्यात्मा की शांति हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है:-
दशगात्र
मंगलवार, 23 जून 2026
तालाब का कार्यक्रम - सुबह 11.00 बजे, निज निवास लवन रोड, बलौदा बाजार
श्रद्धांजलि एवं शांति सभा
दिनांक : 23 जून 2026, मंगलवार
समय : सायं 5.00 बजे से...
स्थान - नगर भवन, बलौदा बाजार
कृपया उपस्थित होकर पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।
शोकाकुल : रघुनाथ सेन, शत्रुहन, भुवन, सोहन, किशन, मिथुन, रूपेश, पुरूषोत्तम एवं समस्त सेन परिवार।
विनीत : श्रीमती मिथिला सेन (धर्मपत्नी)
प्रवीण सेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष (पुत्र), राहुल सेन (पुत्र) मो.: 9977210177
जिस किसी सज्जन को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुड़पार पंचायत में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

खरोरा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम पंचायत मुड़पार में योग उत्सव मनया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय स्कूल प्रांगण एवं अमृत सरोवर तालाब के किनारे आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में नप्रतिनिधियों, शिक्षकों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मुड़पार की सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव, प्रधान पाठक भुवनेश्वर प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार कुंभकार, रवि कुमार ढीवर, अखिलेश्वरदास मानिकपुरी, रोजगार सहायक टिकेश्वर यादव, और पंचगणों में मोना वर्मा, लोचन वर्मा, दुर्गा देवांगन व खिलावन यदु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल रसोइया छलिया यादव और शशि मानिकपुरी पुरी सहित स्थानीय ग्रामीणों में तुलेंद्र साहू, प्रमोद कुर्मी एवं स्कूली बच्चों का सराहनीय योगदान रहा।

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



गोपालपुर। पत्रकार सुरक्षा कानून विधानसभा में पारित होने के बाद उसे राजपत्र में प्रकाशित किया गया। इसे प्रदेश में लागू करने अंचल के श्रमजीवी पत्रकार संघ ने तहसील, अनुविभाग एवं जिला स्तर पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद भी प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं किया गया है। जबकि पत्रकारों को समस्या मूलक खबरे उठाने पर उन्हें हमेशा संकट का सामना करना पड़ता है। यदि यह नियम लागू हो जाये, तो पत्रकार अपनी लेखनी को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रकाशित कराने में उत्सुक होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में राहुल पाण्डेय, मनीष अग्रवाल, शिवरात्रि केशरवानी, प्रकाश दीवान, डॉ. रमेश मनहर एवं गोपी साहू, प्रहलाद साहू आदि मौजूद थे।

### ओड़िशा राज्य में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग, पीएम को लिखा पत्र

रायपुर। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ओडिशा राज्य में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्री आहूजा का कहना है कि, पहले ओडिशा में नवीन पटनायक मुख्यमंत्री थे, परंतु अब वहां भाजपा की सरकार है। ओडिशा में लगातार अन्य राज्यों में कई वर्षों से गांजे की तस्करी हो रही है। आए दिन छत्तीसगढ़ में कभी सरगुजा में 6 करोड़ का गांजा पकड़ा गया, या हाल ही में धमतरी में डेढ़ करोड़ का गांजा पकड़ाया, जैसी खबरें सुनने को मिलती हैं। ओडिशा से लगातार मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश व राजस्थान गांजा भेजा जाता है, जो गांजा पकड़ में आता है उसका पता चलता है, जो नहीं पकड़ाता, उसका नशा कर देश के युवा बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा ही ऐसा राज्य है, जहां गांजे की खेती होती है।

### वीआईपी रोड पर 2 करोड़ की लागत से नाला निर्माण

रायपुर। राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर के समीप नगर निगम जोन के माध्यम से गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए करीब 2 करोड़ की लागत से नाला निर्माण कराया जा रहा है। यह नाला श्रीराम मंदिर के पास से सुलभ शौचालय तक करीब 8 मीटर चौड़ा होगा। निर्माणाधीन नाले के कार्य की प्रगति के संबंध में रविवार को महापौर मीनल चौबे ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने जोन-10 के अधिकारियों से नाला निर्माण कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने निर्देश दिए।

---

दिवस : योग दिवस पर विभिन्न संस्थाओं में किया गया योगाभ्यास

# योग व्यक्ति को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की देता है प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांस्कृतिक भवन सिमगा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व से अवगत कराना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। योग प्रशिक्षिका मधु जैन के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पार्षद विष्णु जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण श्रीवास्तव

### सरकारी और निजी स्कूलों में मना योग दिवस



हिरमी रावन| अंचल के सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा के अलावा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहरा में आयोजित किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सनत कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीराम वर्मा, शिव कटारिया, संतोष कुमार वर्मा, प्राचार्य केपी राय, रेखा वर्मा, अनुजा बंजारे, लक्ष्मी वर्मा, डाकेश्वर प्रसाद वर्मा, प्रेम नारायण नायक, भीष्म देव ध्रुव, पुहुप राम वर्मा, गेंदराम ध्रुव, प्रधानपाठक चोवाराम वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, दूधेश्वर प्रसाद वर्मा, लोमस बंजारे, विजय रात्रे, विद्यालय के अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे | समापन अवसर पर समन्वयक और प्रभारी प्रधान पाठक मार्कंडेय कैवर्त्य ने योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने को कहा जिससे कि तन मन निरोग रह सके|



### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर

अर्जुनी। भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के शहीद धनंजय वर्मा हाईस्कूल प्रांगण में प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला और हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं पालको और ग्राम पंचायत के सदस्यों एवं शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में योग का आयोजन हुआ। शिक्षक तुलाराम वर्मा द्वारा योगा कराया गया। योग प्रशिक्षक तुलाराम वर्मा ने विद्यार्थियों शिक्षकों एवं नागरिकों को योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया और विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुंजगासन, त्रिकोणासन, अनुलोम, विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य शशिकांत डहरिया ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो हमें शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। सरपंच विष्णु कोसले उपसरपंच पिंकू वर्मा पंच राहुल घृतलहरे पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री कुर्रे व्याख्याता गणेश राम वर्मा राजकुमार लहरे सुनील सिंह ठाकुर यूनेश्वरी ध्रुव शिक्षिका दुर्गा ध्रुव ललित ध्रुव सावित्री पटेल शिक्षक महाजन साहू सुरेश ध्रुव सहित छात्र छात्राओं शिक्षकों एवं नागरिकों की सहभागिता रही।



### शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना प्रवेशोत्सव

बलौदाबाजार। शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा नए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया गया। विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं कृषि संकाय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाना नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने बताया कि शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिले का एकमात्र विद्यालय है, जहां विद्यालय से 5 से 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना और किसी भी विद्यार्थी को शिक्षा से वंचित न होने देना है।

प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### पूर्व माध्यमिक शाला मना प्रवेश उत्सव



रवान। पूर्व माध्यमिक शाला भरसेला बड़ा में 22 जून को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर विद्यालय परिवार ने अभिनंदन किया।इस मौके पर ग्राम पंचायत भरसेला की सरपंच सरिता सेन, प्राचार्य फलेन वर्मा, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, पंचगण सरोज वर्मा, जया वर्मा, नथराम निर्मलकर एवं नन्द तिवारी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नियमित अध्ययन एवं विद्यालय उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए, जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। साथ ही बच्चों के लिए विशेष भोज के रूप में खीर-पूड़ी का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने आनंदपूर्वक भोजन ग्रहण किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में लक्ष्मी ध्रुव, कुसुमकान्ति टोप्पो, भारती पाण्डेय, विजय लहरे, ओजस्वीता ध्रुव, प्रेम लाल कन्नौजे एवं महेंद्र चौहान उपस्थित रहे। शिक्षकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं उच्च आदर्शों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### धनसीर स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना

बिलाईगढ़। धनसीर स्कूल में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों की सहभागिता से योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। शिक्षकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा व्यक्तित्व संतुलित रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। योगाभ्यास के दौरान विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ योग क्रियाओं में भाग लिया और स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा योग के माध्यम से निरोगी और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। योग दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक साबित हुआ।



### कनकी में सामूहिक योगाभ्यास किया गया

खरोरा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम पंचायत कनकी में अमृत सरोवर महामाया मंदिर परिसर के पास सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दुर्गेश वर्मा, शिक्षक मणिराम साहू प्राथमिक शाला, सचिव कोमल प्रसाद साहू, रोजगार सहायक खड़ानन्द वर्मा, पंच गोपी वर्मा, संतन वर्मा, कुमारी वर्मा, मोंगरा वर्मा, दुलारी धीवर, विवेक वर्मा, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छता ग्राही महिला समूह मनरेगा मेठ प्रेम वर्मा एवं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर नियमित योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। सभी उपस्थितजनों ने योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया।





### संयंत्र के आवासीय परिसर में योग दिवस मना

बलौदाबाजार। भरुवाडीह स्थित श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के आवासीय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 4 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के कर्मचारियों, महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार से आये योग गुरु हेमंत टिकरिया व राजेश्वरी बघेल द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं व आसनों के माध्यम से सभी को योग के महत्व व अपने जीवन में योग करने का संकल्प दिलाया। चार दिवसीय योग शिविर के समापन समारोह को योग के माध्यम से शरीर की हर कोशिका को स्वस्थ और बेहतर बनाने की दिशा में योगाभ्यास किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संयंत्र के इकाई प्रमुख हुकम चंद गुप्ता ने प्लांट के सभी कर्मचारियों एवं कालोनीवासियों को बधाई दी। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए जीवन के लिए ज्यादा लाभकारी एवं दैनिक अभ्यास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों में अशोक कुमार, देवेंद्र सिंह, डॉ. संतोष कुमार, मनोज बागोरिया, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अभिषेक चौहान, प्रमोद सुवालका, मानवेंद्र सिंह, एस. राजू, नीरज परगनिया, मुकेश देवांगन इत्यादि उपस्थित थे।

### महामाया मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

करहीबाजार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रसेवा सुशासन विश्वास विकास एवं जन सेवा का 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा निपानिया मंडल की ओर से यहां के महामाया मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्ष में देश ने विकास आत्मनिर्भरता सुशासन और जन सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किया। यह जनकल्याण शिविर आमजन और शासन की योजनाओं से जोड़ने तथा उनके जीवन को और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा की महत्वपूर्ण पहल है । उक्त अभियान में मंडल के प्रभारी महाबल बघेल, मंडल अध्यक्ष मथुरा यादव, महामंत्री राजेश पटेल, रोहित वर्मा, अर्पण झा, चेतन वर्मा, अरुण निषाद, रेशम यदु, टिक्की वर्मा, लेखराम पटेल, हीराराम पटेल, अशोक पटेल, कृष्णदास मानिकपुरी, विनोद देवांगन, हीरासिंह ध्रुव, मनोज महराज, ओमप्रकाश यदु, मालिकराम साहू, नारायण साहू, साधाराम डहरिया, मूलशंकर पटेल, दीपांशु दास, राजेश्वर यादव, अजय सोनी, अनील देवांगन, ईश्वर यादव, तेजराम यादव सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विभिन्न संस्थाओं में किया गया योगाभ्यास



सिमगा । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, सिमगा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के महत्व से अवगत कराना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। योग प्रशिक्षिका अखिलेश्वरी शुक्ला के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या शोभा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने का संकल्प दिलाया। उप प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है, जो तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता स्मिता सोनी, अभिषेक जैन, फिरोज कुरैशी सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी नागरिकों से स्वस्थ एवं सुखी जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया।

## योग से निरोग रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



21 जून को विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में 12 वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इसी तारतम्य में शाला परिसर हथबंद में ,आंगन बाड़ी,आयुष ग्राम हथबंद,झरना देवी मानव संस्थान एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेजेस हथबंद,प्राथमिक शाला,कन्या मिडिल शाला,बालक मिडिल शाला के संयुक्त प्रयास से 21 जून को धूम धाम के साथ 12 वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस मौके पर योग शिक्षक योगेश कुमार त्रिवेदी द्वारा योग के प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया श्री त्रिवेदी ने बताया कि योग के माध्यम से समस्त रोगों का इलाज संभव है। जनपद पंचायत सिमगा के पूर्व अध्यक्ष मोहन धिकडे ने शिवरार्थियो को शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।संस्था के प्राचार्य सी के नायक ने योग दिवस में किए गए योगाभ्यास को दैनिक जीवन में उतारने की अपील की ।समाज सेवी डॉ उत्तम विश्वास ने लोगो से योग की कलाओं की प्रचार प्रसार करने की अपील की।आयुष ग्राम हथबंद के डॉ नम्रता सिंघानिया द्वारा शिविरार्थियों को स्वास्थ वर्धक काढ़ा का वितरण किया गया एवं आयुर्वेदिक अस्पताल में सभी रोगों की निःशुल्क दवाई की वितरण की जानकारी दी गई । शिविर में भाजपा मंडल के महामंत्री प्रेमलता वर्मा,सहकारी समिति हथबंद के अध्यक्ष धनेश निषाद, गोलू समुद्रे, पंच संतराम ध्रुव, समाज सेवी अजय अग्रवाल, अस्पताल सहायक घनश्याम गायकवाड़, सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रभारी अर्पिता शर्मा व्याख्याता डी बी तिवारी, विजय निर्मलकर, मेहर ज्योति यादव, शिक्षक गणेश साहू, विनोद वैष्णव, संध्या साहू, रूपेश कुमार पसीने, नीलिमा साहू, स्वाती निषाद, आंगन बाड़ी सहायक उमा दुबे, भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, राजेश प्रजापति सहित विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

### भरुवाडीह कला में बच्चों और ग्रामीणों ने किया योग

खरोरा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए। योग प्रशिक्षक दिनेश वर्मा ने योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता बढ़ती है।कार्यक्रम में सभी ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। इस आयोजन से बच्चों और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा योग के महत्व को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे, संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर, डॉ सुरेंद्र निषाद, कृष्ण किशोर साहू, परदेशी राम वर्मा, सेतकुमार, करण वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



### पलारी में महिला पतंजलि ने किया योग शिविर का आयोजन

पलारी। महिला पतंजलि योग समिति बलौदाबाजार द्वारा नगर पलारी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ पार्षद खेलन बाई वर्मा, मंजू वर्मा, जमुना चंद्राकर एवं कुसुम साहू द्वारा किया गया। मंच संचालन मीना साहू ने किया। पलारी तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे ने योग क्लास ली। महिला पतंजलि योग समिति के महामंत्री निर्मला वर्मा कोषाध्यक्ष राजेश्वरी बघेल एवं बलौदा बाजार तहसील प्रभारी नेहा साहू द्वारा यज्ञ हवन का अनुष्ठान कराया गया। शिविर के दौरान यज्ञ चिकित्सा व दान का महत्व बताया गया। महिला पतंजलि के जिला प्रभारी मीना साहू ने बताया कि 24 से 28 जून 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पलारी में सुबह 5.30 से 7 बजे तक किया गया है। शिविर में राज्यकार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू द्वारा किया जाएगा। साथ ही योग आयोग के जिला समन्वयक द्वारा प्रतिदिन यज्ञ किया जाएगा। इस साल की योगा फार हेल्थी एजिंग को ध्यान में रखते हुए योग शिविर में भाग लेने की अपील की गई है। इस दौरान शिक्षिका सरिता वर्मा, कविता सरशीहा, मधुरानी सरशीहा, उतरा पैकरा सहित नगर के महिलाओं तथा बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

